मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची, दिनांक: 30/09/2021

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-497/2021
30 सितंबर 2021
मंत्रालय

=========================

★ मुख्यमंत्री ने खनन एवं भूतत्व विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

==========================

★ अवैध खनन पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए, ताकि सरकार को राजस्व का नुकसान नहीं

=========================

रांची

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अवैध खनन पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए , ताकि सरकार को राजस्व का नुकसान नहीं हो ।। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने खनन एवं भूतत्व विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए । इस मौके पर विभागीय सचिव श्रीमती पूजा सिंघल ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि अवैध खनन पर रोक लाने के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है ।

डीएमएफटी फंड के इस्तेमाल की दी जानकारी

विभागीय सचिव ने बताया कि डीएमएफटी फंड के तहत पिछले 6 सालों में 7693 करोड़ रुपए की राशि मिल चुकी है । इसमें से 3120 करोड रुपए विभिन्न योजनाओं में खर्च

किए जा चुके हैं । उन्होंने यह भी बताया कि कोविड-19 को देखते हुए डीएमएफटी फंड के तहत मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी राशि खर्च करने की अनुमति दे दी गई है । इसमें ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करना भी शामिल है ।

###

==================

#Team PRD(CMO)